कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 14.04.2025

विषयः-विगत 05 वर्षों से फरार 25000 का ईनामिया गैंगस्टर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.04.2025 को लंका पुलिस द्वारा मार्डन मैरेज लान (गेस्ट हाउस) थाना क्षेत्र रामनगर से ईनामिया गैंगस्टर विशाल चौधरी पुत्र स्व0 नन्देश्वर चौधरी नि एन 15/111 ए सुदामापुर थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 44 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 31.10.2020 को थाना भेलूपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0564/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त 1. विशाल चौधरी पुत्र नन्देश्वर प्रसाद चौधरी निवासी म0नं0 एन015/111ए, सुदामापुर, थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी, जो विगत 05 वर्षों से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त जोन काशी, कमि0 वाराणसी महोदय द्वारा 25000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था । दिनांक 13.04.2025 को तलाश एवं दबिश के दौरान अभियुक्त विशाल चौधरी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि पहले भी मेरे खिलाफ थाना भेलूपुर और अन्य थानों पर मुकदमे दर्ज हो चुके हैं तथा जब से मुझे पता चला कि भेलूपुर पर मेरे विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत हुआ है तब से मैं लुकछिप कर रह रहा था। मुझे लगा कि पुलिस अब मेरी तलाश बन्द कर चुकी होगी इसीलिए मैं बिल्कुल आश्वस्त हो गया था, किन्तु आज आपलोगों ने मुझे पकड़ लिया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. विशाल चौधरी पुत्र स्व0 नन्देश्वर चौधरी नि एन 15/111 ए सुदामापुर थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 44 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 13.04.2025 को मार्डन मैरेज लान (गेस्ट हाउस) थाना क्षेत्र रामनगर, कमि0 वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0564/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0034/2019 धारा 147/323/386/427/467/468/471/504/506 भा0द0वि0 थाना दशाश्वमेघ, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0608/2017 धारा 147/323/452/506 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 0875/2019 धारा 120बी/341/379/384/504 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 0769/2019 धारा 386/406/420/511 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 हृदय कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमित कुमार शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 कृष्णकान्त पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।